देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 17 अंक: 17 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**नारी को कभी मुक्त नहीं होने देता



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 15 अप्रैल 2022



मौसम अधिकतम 33.0° न्यूनतम 21.0°

40243.38

2 जयशंकर ने दिया ऐसा करारा जवाब

7 दोहराई ये गलती तो लग सकता है बैन

# देश को मिली प्रधानमंत्री संग्रहालय की सौगात

## पीएम मोदी ने किया प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन, खरीदा पहला टिकट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरूवार को दिल्ली के तीन मूर्ति भवन में प्रधानमंत्री संग्रहालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने सबसे पहले टिकट भी खरीदा फिर झलक लेने के लिए अंदर गए। मुआयना करने के बाद पीएम मोदी ने अपना संबोधन दिया। अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि इस संग्रहालय में जितना अतीत है, उतना ही भविष्य भी है। ये संग्रहालय देश के लोगों को बीते समय की यात्रा करवाते हुए, नई दिशा–नए रूप में भारत की विकास यात्रा पर ले जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा कि ये हम भारतवासियों के लिए बहुत गौरव की बात है कि हमारे ज्यादातर प्रधानमंत्री बहुत ही साधारण परिवार से रहे हैं। सुदूर देहात से आकर, एकदम गरीब परिवार से आकर, किसान परिवार से आकर भी प्रधानमंत्री पद पर पहुंचना भारतीय लोकतंत्र की महान परंपराओं के प्रति विश्वास को दृढ़ करता है। पीएम मोदी ने कहा कि एक दो अपवाद छोड़ दें तो हमारे यहां लोकतंत्र को लोकतांत्रिक तरीके से मजबूत करने की गौरवशाली परंपरा रही है। इसलिए हमारा भी ये दायित्व है कि अपने प्रयासों से लोकतंत्र को मजबूत करते रहें।

पीएम मोदी ने कहा कि ये हमारी सरकार का सौभाग्य है कि दिल्ली में हमने बाबा साहेब की महापरिनिर्वाण स्थली, अलीपुर रोड पर बाबा साहेब मेमोरियल का निर्माण करवाया। बाबा साहेब के जो पंच तीर्थ विकसित किए गए हैं, वो सामाजिक न्याय और अटूट राष्ट्र निष्ठा के लिए प्रेरणा के केंद्र हैं।

**इन प्रधानमंत्रियों के बारे में जानने का मिलेगा मौका**

इस संग्रहालय में जवाहर लाल नेहरू, गुलजारी लाल नंदा, लाल बहादुर शास्त्री,इंदिरा गांधी, मोरारजी देसाई, चौधरी चरण सिंह,राजीव गांधी, विश्वनाथ प्रताप सिंह, चंद्रशेखर, नरसिंह राव, अटल बिहारी वाजपेयी, एचडी देवगौडा, इंद्रकुमार गुजराल, मनमोहन सिंह को शामिल किया जाएगा।



### भारत, लोकतंत्र की जननीः पीएम मोदी

भारत, लोकतंत्र की जननी है। भारत के लोकतंत्र की बड़ी विशेषता ये भी है कि समय के साथ इसमें निरंतर बदलाव आता रहा है। हर युग में, हर पीढ़ी में, लोकतंत्र को और आधुनिक बनाने, सशक्त करने का निरंतर प्रयास हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि हम तो उस सभ्यता से हैं जिसमें कहा जाता है– आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः, यानि हर तरफ से नेक विचार हमारे पास आएं! हमारा लोकतंत्र हमें प्रेरणा देता है, नवीनता को स्वीकारने की, नए विचारों को स्वीकारने की।

**पहले इसे नेहरू संग्रहालय भवन के नाम से जाना जाता थाः**
पीएम संगहालय में अब तक के सभी प्रधानमंत्रियों के कार्यों का प्रदर्शन होगा। पहले इसे नेहरू संग्रहालय भवन के नाम से जाना जाता था। बता दें कि पिछले माह पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में नेहरू संग्रहालय को पीएम म्यूजियम में तब्दील करने का फैसला किया गया था।

**संग्रहालय में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के कार्यों को दिखाया गया हैः**
कैबिनेट बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा था कि सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्रियों के योगदान को स्वीकार करने के लिए यह फैसला किया है। हम सभी पीएम के योगदान को मान्यता देना चाहते हैं। प्रधानमंत्री संग्रहालय में सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों के कार्यों को दिखाया गया है। पूर्व प्रधानमंत्रियों के बारे में बहुमूल्य जानकारी के लिए उनके परिवारों से भी संपर्क किया गया था।

### जानें क्यों है खास

पहली गैलरी मैं 1947 का इतिहास दिखाया जाएगा। साथ ही यहां पंडित जवाहर लाल नेहरू के बारे मे पता चलेगा। उसके बाद भारत के आगे की जीवन के बारे में पता लगेगा। उसके आगे नई इमारत है। यहां सभी आजाद भारत के प्रधानमत्रियो के बारे में पता चलेगा। पारंपरिकता से लेकर आधुनिक भारत की जानकारी मिलेगी।

**डिजाइन उभरते भारत की प्रतीक**
पीएम संग्रहालय भारत के स्वतंत्रता संग्राम से लेकर संविधान के निर्माण तक की कहानी बताएगा। इसमें बताया गया है कि कैसे हमारे प्रधानमंत्रियों ने विभिन्न चुनौतियों से देश को उबारा और देश की चौतरफा प्रगति सुनिश्चित की। संग्रहालय भवन की डिजाइन उभरते भारत की कहानी से प्रेरित है।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा 17 को ग्रहण करेंगे पदभार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा 17 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, राजीव भवन, 21 राजपुर रोड, देहरादून में पदभार ग्रहण करेंगे। कांग्रेसजनों द्वारा उनके भव्य स्वागत हेतु तैयारियां आरम्भ की गई है। इसी परिपेक्ष में 15 अप्रैल को सभी जिलाध्शहर मुख्यालयों में स्वागत समारोह हेतु तैयारी बैठकों का आयोजन किया जा रहा है।

### शोपियां मुठभेड़ में अब तक चार आतंकी ढेर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

जम्मू। दक्षिण कश्मीर में शोपियां के बदीगाम इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ अभी भी जारी है। सुरक्षाबलों ने अभी तक चार आतंकियों को मार गिराने में सफलता हासिल की है। फिलहाल अभी भी क्षेत्र में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है। पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली गई है।

# भारत में लगातार चौथे साल मानसून सामान्य रहने की संभावना

## मानसूनी बारिश में पांच प्रतिशत उतार-चढ़ाव की संभावना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत मौसम विज्ञान (आइएमडी) ने गुरुवार को बताया कि जून–सितंबर अवधि के दौरान अनुकूल 'ला नीना' स्थिति बने रहने के अनुमान के साथ ही देश में लगातार चौथे साल दक्षिण–पश्चिम मानसून सामान्य रहने की संभावना है। देश में 2019, 2020 और 2021 में भी चार महीने के दक्षिण–पश्चिम मानसून मौसम में सामान्य वर्षा हुई थी।

आइएमडी के अनुसार, इस साल दक्षिण–पश्चिम मानसून के दौरान 1971–2020 की अवधि के 87 सेंटीमीटर दीर्घावधि औसत (एलपीए) के मुकाबले 96 से 104 प्रतिशत बारिश होने की संभावना है। विभाग ने यह नया औसत गुरुवार से ही शुरू किया है। इससे पहले आइएमडी मानसूनी वर्षा का अनुमान लगाने के लिए 1961–2010 के बीच के 88 सेंटीमीटर दीर्घावधि औसत पर विचार करता था। सामान्य बारिश या एलपीए को हर 10 साल में अपडेट किया जाता है। हालांकि पिछली बार इसमें देरी हो गई थी और उसे 2018 में शुरू किया गया था। तब तक विभाग 1951–2001 के एलपीए का उपयोग करता था जो 89 सेंटीमीटर था।

विभाग ने कहा कि मात्रात्मक दृष्टि से जून से सितंबर तक मानसूनी वर्षा एलपीए का 99 प्रतिशत रह सकती है जिसमें पांच प्रतिशत उतार–चढ़ाव की संभावना है। मौसम विभाग का अनुमान है कि सामान्य वर्षा की 40 प्रतिशत, सामान्य से अधिक वर्षा (एलपीए के 104 से 110 प्रतिशत तक) की 15 प्रतिशत और अत्यधिक वर्षा (एलपीए के 110 प्रतिशत से अधिक) की पांच प्रतिशत संभावना है। सामान्य से कम वर्षा (एलपीए का 90 से 96 प्रतिशत) की 26 प्रतिशत और कम वर्षा (एलपीए के 90 प्रतिशत से कम वर्षा) की 14 प्रतिशत आशंका है।

**मई में एक बार फिर पूर्वानुमान जारी करेगा मौसम विभाग**

मौसम विभाग ने कहा कि प्रायद्वीपीय भारत के उत्तरी भाग, मध्य भारत, हिमालय की तलहटी और उत्तर–पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य या सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों, उत्तर–पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों और प्रायद्वीपीय भारत के दक्षिणी हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग मई के अंत में मानसून मौसम के लिए एक अद्यतन पूर्वानुमान भी जारी करेगा।

# अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**दौरा**

■रक्षा मंत्री ने अमेरिकी हिंद–प्रशांत कमान का किया दौरा

होनोलूलू। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी हिंद–प्रशांत कमान के मुख्यालय का दौरा किया और उसके नेतृत्व से भारत–अमेरिकी रक्षा सहयोग को सभी क्षेत्रों में बढ़ाने के लिए विस्तृत बातचीत की। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता के बीच उन्होंने मुक्त, खुला व समावेशी हिंद–प्रशांत के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इस बीच, वाशिंगटन की यात्रा के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस से मुलाकात करने न्यूयार्क पहुंच चुके हैं।

हिंद–प्रशांत कमान अमेरिकी सशस्त्र बलों की एकीकृत लड़ाकू कमान है। इस कमान और भारतीय सेना के बीच साझेदारी के तहत व्यापक सैन्य अभ्यास व प्रशिक्षण सत्रों का आयोजन किया जाता है। रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को ट्वीट किया कि अमेरिकी हिंद–प्रशांत कमान के कमांडर एडमिरल जान एक्विलिनो ने हवाई स्थित कमान मुख्यालय के दौरे पर आए राजनाथ सिंह का स्वागत किया। उसने कहा कि रक्षा मंत्री ने भारत–अमेरिका रक्षा साझेदारी में अहम प्रगति पर संतोष जताया। मंत्रालय ने कहा, सभी क्षेत्रों में भारत–अमेरिकी रक्षा साझेदारी को बढ़ाने के लिए अमेरिका हिंद–प्रशांत कमान के अधिकारियों के साथ व्यापक बातचीत हुई। मुक्त, खुले और समावेशी हिंद–प्रशांत क्षेत्र तथा उससे परे मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

उन्होंने अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा करते हुए ट्वीट किया, भारत व अमेरिकी सेनाओं के बीच आपसी संबंध पिछले कुछ वर्षो में मजबूत हुए हैं। हवाई की राजधानी होनोलूलू की अपनी संक्षिप्त यात्रा में रक्षा मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अल्पसंख्यकों पर हमले आतंकियों की हताशा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में स्थिति हो रही सामान्य**

श्रीनगर। केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने वीरवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में स्थिति सामान्य हो रही है। सुरक्षा परिदृश्य में सुधार आया है। हाल ही में आतंकी गतिविधियों में आयी तेजी और अल्पसंख्यकों पर हमले आतंकियों व उनके आकाओं की हताशा ही दर्शाते हैं। इनसे घबराने की जरुरत नहीं है। हमारे सुरक्षाबल इनसे निपट रहे हैं।

आज यहां खुन्मोह में प्रदेश विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि कश्मीर में सुधरते हालात के बीच कुछेक हिंसक घटनाएं हो रही हैं। इस तरह की हिंसक घटनाएं तो पूरे देश में होती रहती हैं और यह सामान्य बात है। अगर आप पूरे परिदृश्य को ध्यान से आकलन करेंगे तो पाएंगे कि पूरी वादी में आपको हालात पहले से बेहतर नजर आएंगे। आज यहां हरेक आदमी संतुष्ट, प्रसन्न और विश्वास से भरा नजर आएगा।